● सितंबर तिमाही में 58 लाख नए डीमैट खाते खोले गए ● बीएसई के पंजीकृत निवेशकों की संख्या 8.36 करोड़ हो गई

# नए शेयर निवेशक जोड़ने में उत्तर प्रदेश का फर्राटा

**कामयाबी**

नई दिल्ली | हिन्दुस्तान ब्यूरो

शेयर बाजार की तेजी ने सिर्फ मेट्रो शहरों के लोगों को आकर्षित नहीं किया है बल्कि छोटे शहर के निवेशक भी बढ़-चढ़ कर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। इसी का परिणाम है कि शेयर बाजार में जुड़ने वाले नए निवेशक ममाले में महाराष्ट्र को अब उत्तर प्रदेश टक्कर दे रहा है। उत्तर प्रदेश के छोटे-छोटे शहरों से शेयर बाजार में जुड़ने वालों की संख्या तेजी से बढ़ी है।

बीएसई के आंकड़ों के अनुसार, इस साल सितंबर में 34.5 लाख और बीते तीन महीनों में 95.95 लाख नए निवेशक शेयर बाजार से जुड़े हैं। इस अवधि के दौरान महाराष्ट्र से 17.83 लाख तो उत्तर प्रदेश से 9.94 लाख नए निवेशक जुड़े हैं। आंकड़ों के अनुसार, बीते तीन महीने में महाराष्ट्र के मुकाबले उत्तर प्रदेश से बाजार में जुड़ने वाले निवेशकों की रफ्तार तेज रही है। वहीं, दूसरे स्थान पर गुजरात है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिशत के आधार पर, असम, बिहार, मध्य प्रदेश और ओडिशा ने पिछले तीन महीनों में महाराष्ट्र, गुजरात या दिल्ली की तुलना में अधिक निवेशक जोड़े हैं।

## छोटे निवेशकों के दम पर बाजार में तेजी

घरेलू छोटे निवेशकों ने भारतीय बाजार को कैसे ऊपर ले जाने का काम किया है इसका प्रमाण नए निवेशकों के जुड़ने से मिलता है। 1 अप्रैल, 2021 से सितंबर तक घरेलू निवेशकों की संख्या में एक करोड़ 52 लाख की बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, बाजार में प्रत्यक्ष रूप से छोटे निवेशकों का कितना निवेश बढ़ा है इसका कोई आधिकारिक डेटा नहीं है। एनएसडीएल और सीडीएसएल के आंकड़ों के अनुसार, सितंबर 2021 के अंत में डीमैट खातों की संख्या बढ़कर सात करोड़ हो गई।

**03** महीनों में बाजार में तेजी का फायदा उठाने के लिए तेजी से छोटे निवेशक जुड़े

**12** लाख के करीब डीमैट खाते खुल रहे प्रति माह इस साल में सेबी के मुताबिक

### शेयर बाजार ने ऐसे खींचे निवेशक

| राज्य | नए ग्राहकों की संख्या | एक माह में जुड़े निवेशक | तीन मांह में जुड़े निवेशक | एक साल में जुड़े निवेशक |
|---|---|---|---|---|
| महाराष्ट्र | 1,75,87611 | 6,59,595 | 17,83,442 | 54,08,343 |
| गुजरात | 96,78,785 | 2,38,329 | 7,62,554 | 22,13,968 |
| उत्तर प्रदेश | 66,50,184 | 375,600 | 9,94,431 | 27,03,803 |
| कर्नाटक | 49,67,160 | 1,79,488 | 5,02,343 | 15,81,910 |
| तमिलनाडू | 47,86,753 | 1,17,451 | 3,51,015 | 11,73,115 |
| प. बंगाल | 45,00,128 | 1,35,464 | 3,78,286 | 11,03,738 |
| राजस्थान | 44,71,129 | 2,53,540 | 7,10,802 | 18,83,520 |
| दिल्ली | 42,55,671 | 1,25,315 | 3,48,517 | 10,70,983 |
| आंध्र प्रदेश | 41,39,180 | 1,80,754 | 3,56495 | 11,84,538 |
| मध्य प्रदेश | 34,59,509 | 2,47,888 | 6,49,372 | 16,54,474 |

## परंपरागत निवेश से बाजार की ओर रुख

सितंबर तिमाही में 58 लाख से अधिक नए डीमैट खाते खुले जो यह दर्शाता है कि निवेशकों ने अपनी बचत को पारंपरिक निवेश माध्यमों जैसे कि सोना, रियल एस्टेट और एफडी से स्टॉक में स्थानांतरित कर दिया है। कोरोना महामारी ने छोटे निवेशकों को बाजार में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मोबाइल ट्रेडिंग के माध्यम से कारोबार दो साल पहले 10% की तुलना में 20.44% हो गया है।



## सावधान : घरेलू संस्थागत निवेशक निकाल रहे पैसा

घरेलू संस्थागत निवेशकों ने पिछले आठ सत्रों में 1.26 अरब डॉलर के शेयर की बिक्री की है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के आंकड़ों से पता चला है कि 8 से 20 अक्तूबर तक, डीआईआई ने मार्च और सितंबर 2021 के बीच 56,626.66 करोड़ रुपये से अधिक की शुद्ध खरीद के बाद भारतीय शेयरों में ?9,427.82 करोड़ या 1.26 अरब डॉलर की बिक्री की।

## सेंसेक्स 102 अंक गिरा, निफ्टी टूट कर 18,100 के पास पहुंचा

मुंबई | एजेंसी

बीएसई सेंसेक्स शुक्रवार को 102 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख के बीच आईटीसी, मारुति और इन्फोसिस में नुकसान से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 101.88 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 60,821.62 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 63.20 अंक यानी 0.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,114.90 अंक पर बंद हुआ।

आईटीसी तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ सर्वाधिक नुकसान में रहा। इसके अलावा, मारुति और टाटा स्टील में भी गिरावट आई। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एचडीएफसी, टाइटन और एक्सिस बैंक शामिल हैं। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई कंपोजिट नुकसान में रहें जबकि हांगकांग का हैंगसेंग और जापान के निक्की में तेजी रही।



## डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे कमजोर

कच्चा तेल कीमत के मजबूत होने और घरेलू शेयर बाजार में कमजोर रुख के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया महज तीन पैसे कमजोर होकर 74.90 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 74.82 रुपये पर खुला तथा कारोबार के दौरान यह 74.69 से 74.94 रुपये के दायरे में रहा। अंत में पिछले कारोबारी सत्र के बंद भाव के मुकाबले तीन पैसे के नुकसान से 74.90 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।